

हिंदू नव वर्ष गुढ़ीपाड़वा व चेटीचंड के पावन पर्व पर 'उल्हास विकास' परिवार की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को ढेर सारी शुभकामनाएं।

-संपादक


चेटीचंढ-गुढ़ीपाड़वा विशेषांक

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 23 ■ शनिवार, 29 मार्च 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 16

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, LL.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# आज चेटीचंड महाबाइक रैली

## मचेगी भगवान झूलेलाल की धूम

## उल्हासनगर, अंबरनाथ व कल्याण से सिंधी समाज होंगे एकत्रित

- उल्हासनगर-1 से 5 तक हजारों की संख्या में शामिल होंगे बाईकर
- सिंधी एकता का प्रतिक होगी महाबाइक रैली









**उल्हासनगर.** सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड के महापर्व पर उल्हासनगर शहर में महाबाइक रैली का आयोजन आज शनिवार 29 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे उल्हासनगर-1 स्थित रिसेंजी एंटीलिया से उल्हासनगर-5 जय झुलेलाल प्रवेश द्वार तक किया गया है। इस महाबाइक रैली में शामिल होने उल्हासनगर के साथ अंबरनाथ और कल्याण में बसे सिंधी समाज के लोग भी शामिल हो रहे हैं। महिलाएं भी बढ़ चढ़कर इस रैली में हर वर्ष हिस्सा लेती है।

उल्हासनगर-1 स्थित रिजेंसी एंटीलिया में सुबह 10 बजे से भाउ लीलाराम द्वारा बहराणा साहेब का आयोजन किया गया है जहां पर भगवान साईं झूलेलाल की आराधना के साथ भजन कीर्तन भी होगा। बहराणा साहिब के बाद इस रैली में शामिल होने आए बाईक सवारों को टी शर्ट, टोपी, मफलर, झंडा व प्रसाद दिया जाएगा। सुबह करीब 11 बजे इस महाबाइक रैली की शुरुवात होगी।

ज्ञात हो कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चेटीचंड महापर्व से एक दिन पूर्व महाबाइक का आयोजन उल्हासनगर-1 स्थित रिजेंसी एंटीलिया से किया जाता है। यह रैली रिजेंसी एंटीलिया से बिर्ला गेट, उल्हासनगर-1 बस स्टैंड से गोल मैदान निरंकारी हॉल, नेहरू चौक, फर्निचर बाजार, शिवाजी चौक, शास्त्री चौक सेक्शन 17, हीरा घाट, पवाई चौक, उल्हासनगर-4 मेन बाजार, शहीद हेमू कालानी चौक सेक्शन 25, नेताजी चौक, गांधी रोड, उल्हासनगर-5 मुख्य बाजार, चालाही साहेब, दूध नाका से होते हुए कैलाश कालोनी स्थित जय झूलेलाल प्रवेश द्वार तक संपन्न होगी।

इस महाबाइक रैली में शामिल होने की अपील महेश सुखरामानी, शंकर नागरानी, भारत गंगोत्री राजवानी, हीरो बोधा, अनिल बठिजा, जयराम खत्री, सोनू विशनानी आदि कमेटी सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने की है। युवा ब्रिगेड गुरदीप सिंह बॉक्सर, रोशन पुरस्वानी, विजू खटवानी, व्यापारी नेता जगदीश तेजवानी, राजेश अमरनानी ने युवाओं को शामिल होने की अपील की है। इस रैली में सिंधी समाज के सभी सामाजिक संस्थाओं जिसमें व्यापारी संघटन, वरिष्ठ नागरिक, डांस क्लब, योगा क्लब, करोके क्लब, सिंधी कलाकार व सिंधी समाज के सभी भाई बहनों से इसमें बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। इस भयंकर गंभीर से बचने के लिए हर 200 मीटर पर व्यापारियों द्वारा जलपेय की व्यवस्था रखी गई है। सभी बाइकरों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और अपने ईष्टदेव भगवान झूलेलाल का आर्शिवाद प्राप्त करने इस रैली को सफल बनाएं।

# आबकारी शुल्क विभाग के रडार पर 'नाइट लाइफ'





**उल्हासनगर.** अपराध, अराजकता और रात भर शराब की बिक्री से परेशान उल्हासनगर निवासियों की शिकायतों का अंततः समाधान हो गया है। रात 2-3 बजे तक चलने वाली शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए राज्य आबकारी विभाग ने उल्हासनगर के कैंप 3 इलाके में बार और होटलों पर छापेमारी कर कार्रवाई की। इस समय गीता भवन, अंश पैलेस, साई होटल और मीत वाटिका जैसे बार और परमिट रूम को तत्काल सील कर दिया गया है, जिससे बार और होटल व्यवसायियों में दहशत फैल गई है।

इस बात की जोरदार चर्चा है कि उल्हासनगर के निवासियों द्वारा समय-समय पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद कुछ बार मालिकों को आश्रय मिल रहा है। यह पता चला है कि कई बार अभी भी आधी रात तक खुले रहते हैं। नशे की घटनाओं, परिवारों को होने वाली मानसिक परेशानी और शराब की लगातार अवैध बिक्री के कारण नाराज नागरिकों ने अपनी आवाज उठाई है।

### कार्रवाई जारी रहेगी...

आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई तो अभी शुरुआत है, तथा प्रशासन ने संकेत दिया है कि आगे भी निरीक्षण एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अगले कुछ दिनों में अन्य बार और होटलों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।




# हर सोमवार 'प्रशासन आपके द्वार'

- **अधिकारी तुरंत निकालेंगे समाधान**
- **उल्हासनगर में शिकायतों के लिए लाइव 'जनसंवाद बैठक'**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका 'प्रशासन जनता के द्वार' को सिर्फ नारा नहीं बल्कि हकीकत बनाने के लिए तैयार है। सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना में महत्वपूर्ण घटक 'ईज ऑफ लिविंग' के अंतर्गत मनपा ने स्थानीय स्तर पर नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अभिनव पहल की है।

अब प्रत्येक वार्ड समिति कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को नागरिकों के लिए 'जन संवाद बैठकें' आयोजित की जाएंगी। इसके माध्यम से नागरिकों को अपने प्रश्न और



समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष उठाने का अवसर मिलेगा।

उल्हासनगर महानगरपालिका के सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में नागरिकों की समस्याओं और सुविधाओं को उचित न्याय दिलाने के लिए प्रशासन ने यह पहल की है। आयुक्त एवं प्रशासक मनीषा आव्हाले के आदेशानुसार यह बैठक प्रत्येक सोमवार को दोपहर 3 से 5 बजे तक सभी प्रभाग समिति कार्यालयों में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक जन संवाद बैठक की अध्यक्षता वार्ड समिति के सहायक आयुक्त द्वारा की जाएगी।

बैठक में लोक स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, लोक निर्माण, संपत्ति कर और शहरी नियोजन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी शिकायतें सीधे इन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करें। बैठक की शुरुआत आयुक्त द्वारा पिछले सप्ताह लिए गए निर्णयों और सरकार की योजनाओं की जानकारी देने से होगी। इसके बाद प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिगत रूप से बुलाया जाएगा और उनकी समस्याएं दर्ज की जाएंगी। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा सकता है, उन पर वहां चर्चा की जाएगी और उनका समाधान किया जाएगा। अन्य मुद्दों की रिपोर्ट दी जाएगी और अगली प्रक्रिया लागू की जाएगी।

आव्हाले ने यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट आदेश दिए हैं कि यह पहल प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हो और केवल कागजों तक सीमित न रहे। सभी सहायक आयुक्तों और संबंधित विभागों को इसे तुरंत लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल से उल्हासनगर के निवासी अपने क्षेत्र के कार्यालय में जाकर अपनी समस्याएं बता सकेंगे।

> 
>
> महानगर पालिका का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करना तथा उनसे सीधा संवाद करना है। जनसंवाद बैठकों से प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद बढ़ेगा। इस पहल के पीछे मुख्य भावना यह है कि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाएगा।
>
> – **मनीषा अव्हाले**, आयुक्त, उल्हासनगर नगर निगम

# अंबरनाथ सड़क दुर्घटना में घायल नौसेना के पूर्व अधिकारी की मौत

- **टेम्पो चालक भिवंडी से गिरफ्तार**
- **अंबर केयर अस्पताल के सामने हुई थी दुर्घटना**

**उल्हास विकास संवाददाता**

**अंबरनाथ.** गत दिनों अंबरनाथ केबी सड़क पर अंबर केयर अस्पताल के समक्ष एक टेम्पो चालक ने साइकिल पर जा रहे एक नौदल के सेवानिवृत्त अधिकारी शिवप्रसाद गौड़ को जोरदार टक्कर मारते हुए गंभीर घायल कर दिया था. अस्पताल के सामने खड़ी दो एम्बुलेंस को भी भारी नुकसान पहुंचाया था. गंभीर घायल शिवप्रसाद गौड़ का उपचार के दरम्यान निधन हो गया है. शिवप्रसाद बुवापाड़ा निवासी थे और रोजाना सुबह में साइक्लिंग किया करते थे. आरोपी टेम्पो चालक टेम्पो लेकर भाग गया था. पुलिस ने बताया कि बाद में उसने टेम्पो का नंबर प्लेट हटाकर लिखे नंबरों को भी मिटा दिया था.

अंबरनाथ पुलिस ने गहराई से तफ्तीश करते हुए आरोपी टेम्पो चालक को भिवंडी से गिरफ्तार कर लिया है. उसका नाम अजय बाचकी बताया गया है. चालक ने अपने पूरे टेम्पो का रंग भी बदल दिया था ताकि वह पकड़ा ना जा सके. लेकिन अंबरनाथ पुलिस ने तफ्तीश करके भिवंडी से आरोपी चालक को पकड़ लिया है. गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने के लिए उसे उल्हासनगर न्यायालय में पेश किया गया. पहले उसे पर तेज रफ्तारी से वाहन चलाने का आपराध दर्ज किया गया था. घायल गौड़ के निधन के बाद उस पर अन्य कलम के अनुसार अपराध दर्ज किया गया है. टेम्पो को भी पुलिस ने जब्त किया है.

# वालधुनी संरक्षण के लिए मनपा का अभियान तेज



- **कमिश्नर मनीषा अव्हाले की अवधारणा से हुई शुरूआत**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर को स्वच्छ शहर, सुंदर शहर बनाने के लक्ष्य से प्रेरित होकर उल्हासनगर महानगरपालिका ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वालधुनी नदी के संरक्षण के लिए शहर के विभिन्न संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों की भागीदारी से होटल प्रवीण, खन्ना कंपाउंड ब्रिज क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। उल्हासनगर महानगरपालिका प्रशासक एवं आयुक्त मनीषा आव्हाले द्वारा परिकल्पित यह अभियान शहर के पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक सकारात्मक पहल है।

उल्हासनगर महानगरपालिका प्रशासन ने वालधुनी नदी के संरक्षण की पहल की है और नदी क्षेत्र की सफाई तथा जागरूकता पैदा करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। मनपा प्रशासक व आयुक्त मनीषा आव्हाले के मार्गदर्शन में पूर्व नगरसेविका राजश्री चौधरी, वालधुनी नदी संरक्षण समिति के पदाधिकारी शशिकांत दायमा, वृक्ष फाउंडेशन की ज्योति तायड़े, होटल एसोसिएशन के उदय शेट्टी, विनय शेट्टी, स्वच्छतादूत वंदना दुबे, मनपा के मुख्य स्वच्छता अधिकारी विनोद केने, एकनाथ पवार, रवींद्र बेहेनवाल समेत कई लोगों ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अभियान के दौरान नदी क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए विशेष गतिविधियां चलाई गईं। इसमें घरों, दुकानों और कारखानों से निकलने वाले कचरे को उचित तरीके से वर्गीकृत करने और उसे मनपा को सौंपने की अपील की गई। नदी में सीवेज और कचरा डालने पर रोक लगाते हुए पुलों पर जाल लगाने का निर्णय लिया गया। सभी गतिविधियों को एकीकृत तरीके से क्रियान्वित किया गया, जिसमें जागरूकता पोस्टर लगाना, पुल क्षेत्र की सफाई और स्वच्छता करना, वृक्षारोपण के लिए गमले लगाना और शून्य अपशिष्ट अवधारणा को लागू करना शामिल था।

# आमरण अनशन पर किसान



- **अंबरनाथ तालुका के फणशीपाड़ा गांव के हैं किसान**
- **किसानों ने चेतावनी दी करेंगे आत्महत्या**
- **सरकार ने जमीन खाली नहीं कराई तो...**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तालुका के फणशीपाड़ा गांव में किसानों की भूख हड़ताल का यह 9वां दिन है। भूख हड़ताल स्थल पर एक पेड़ से रस्सी बांध दी गई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जमीन खाली नहीं कराई तो वे आत्महत्या कर लेंगे। एमआईडीसी प्रशासन ने यहां किसानों को विश्वास में लिए बिना उनकी सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहित कर हस्तांतरित कर दी है। हस्तांतरित भूमि को खाली कराने की मांग को लेकर किसान 9 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। तहसीलदार और प्रांतीय अधिकारियों ने भूख हड़ताल स्थल का दौरा किया और किसानों की मांगें सुनीं। दोनों अधिकारियों ने किसानों की मांगों की रिपोर्ट अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी है। हालाँकि, यह संतोषजनक नहीं है और किसानों ने यह रुख अपनाया है कि जब तक हमारी सात सौ भट्टा जमीन खाली नहीं हो जाती, यह भूख हड़ताल जारी रहेगी।

# बुवापाड़ा के व्यक्ति को 4 ने गंभीर घायल किया

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ आनंद नगर काम पर जा रहे एक व्यक्ति को चार लोगों ने मिलकर कोयता, धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है. घायल व्यक्ति लालमन यादव ने जा रही रिक्शा एवं कुछ राहगीरों से अस्पताल ले जाने के लिए सहायता मांगी, पर किसी ने उसकी मदद नहीं की. आखिर कंपनी के एक मजदूर ने उसे उपचार हेतु अस्पताल ले गया. अंबरनाथ पुलिस ने आरोपी दीपक गिरी और गौतम गिरी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है. पुलिस ने बताया कि गवलदेवी चौक बुवा पाड़ा निवासी लालमन यादव सुबह 6.30 बजे आनंद नगर एमआईडीसी की एक कंपनी में काम पर जा रहा था कि तीन से चार लोगों ने पीछे से उस पर कोयते से एवं हाथ में पंच पहनकर मारना शुरू कर दिया.



उसके सर, चेहरे, हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं. ये सभी घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घायल लालमन यादव ने बताया कि आरोपियों ने उनका मोबाइल भी छिन लिया एवं गले की चेन भी छीनकर भाग गए. उसने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उसका और अरविंद यादव के बीच झगड़ा हुआ था. उसी के द्वारा ये हमला किया गया होगा. ऐसा उन्होंने शक जाहिर किया है. पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है. आरोपी फरार बताए गए हैं.

# अंबरनाथ में क्रिकेट प्रेमी करेंगे आंदोलन

- **शहर में क्रिकेट मैदान उपलब्ध कराने की मांग ने जोर पकड़ा**

**यूसुफ शेख**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में क्रिकेट प्रेमियों को खेलने, किसी भी प्रकार का क्रिकेट मुकाबला कराने के लिए क्रिकेट मैदान उपलब्ध नहीं है. गत दिनों पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल एवं शिवसेना के रफीक खान ने मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ से भेंट करके उन्हें निवेदन देकर क्रिकेट मैदान उपलब्ध कराकर देने के लिए कहा था. पश्चिम में विमको मैदान क्रिकेट मुकाबलों के लिए उपलब्ध था. लेकिन वह अब एक निजी कंपनी के पास है. मुख्याधिकारी ने उमेश पाटिल, रफीक खान से कहा था कि वह मैदान उपलब्ध कराकर देने के लिए प्रयास करेंगे. रफीक खान का कहना है कि कुछ वर्षों तक क्रिकेट मुकाबले नपा के नेताजी मार्केट नवनिर्मित स्टेडियम में होते थे. लेकिन यहां पर इनडोर गेम के लिए काम किया जा रहा है. बची जगह में



मुख्याधिकारी को क्रिकेट खेलने एवं मुकाबलों का आयोजन करने के लिए नेताजी मैदान क्रिकेट प्रेमियों को देना चाहिए. उनका ये भी कहना है कि शहर में फुटबाल, हॉकी खेल के शौकीन कम होते हुए भी नेताजी मैदान को इन खेलों के लिए बनाया जा रहा है. शहर में क्रिकेट के चाहने वाले ज्यादा हैं. इसी स्टेडियम में क्रिकेट का भी मैदान उपलब्ध कराकर देने की मांग रफीक खान ने की है. उन्होंने कहा है कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर मुख्याधिकारी चुप हैं और क्रिकेट प्रेमियों में इस मामले को लेकर रोष बढ़ता ही जा रहा है. उन्होंने नपा प्रशासन से कहा है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर नेताजी मैदान को क्रिकेट खेल के लिए जल्द उपलब्ध नहीं करा कर दिया गया तो वह खेल प्रेमियों को लेकर नपा कार्यालय के समक्ष आंदोलन करेंगे.

# अनाधिकृत होर्डिंग के खिलाफ मनपा प्रशासन सख्त, 13 मामले दर्ज

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए अनाधिकृत होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों से जहां शहर की सूरत बिगड़ने लगी है, वहीं उल्हासनगर महानगरपालिका ने अब इस प्रकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आक्रामक रुख अपनाया है। हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए महानगर पालिका प्रशासन ने अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और अब तक शहर के चारों वार्डों में 13 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका संख्या 155/2011 के तहत अवैध होर्डिंग, होर्डिंग और पोस्टरों पर प्रतिबंध लगाया गया है और उन



आदेशों की बार-बार जानकारी दिए जाने के बावजूद कुछ व्यक्ति और संगठन नियमों का उल्लंघन करते हुए होर्डिंग लगाते देखे गए। इस पृष्ठभूमि में प्रशासक व आयुक्त मनीषा आव्हाले ने सभी वार्ड समितियों के सहायक आयुक्तों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में प्रभाग अधिकारी गणेश शिम्पी के मार्गदर्शन में वार्ड समिति क्रमांक 1 से 4 के सहायक आयुक्तों ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से कार्रवाई शुरू कर दी है और विभिन्न पुलिस थानों में अपराध दर्ज किये गये हैं। उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में 04, सेंट्रल पुलिस स्टेशन में 03, विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में 04 और हिललाइन पुलिस स्टेशन में 02 मामले दर्ज किए गए हैं। प्रशासक और आयुक्त ने सभी वार्ड समितियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे दैनिक आधार पर ऐसे अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ नियमित कार्रवाई जारी रखें। अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस ने चेतावनी दी है कि उल्हासनगर महानगरपालिका इस अभियान को जारी रखेगी और इससे किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी। नागरिकों से भी शहर की व्यवस्था और सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

# उल्हासनगर में लावारिस वाहन मनपा के रडार पर

## शिकायत करें...तीन दिन के भीतर होगी कार्रवाई



**उल्हासनगर.** शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से खड़े लावारिस वाहन अब महानगर पालिका के रडार पर हैं। मनपा प्रशासन लावारिस वाहनों को हटाने के लिए विशेष कार्रवाई के लिए तैयार है। 'ईज ऑफ लिविंग' अभियान का क्रियान्वयन सरकार की सात सूत्री 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत महानगर पालिका के अनाधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग द्वारा किया जाएगा।

नागरिकों के घरों के सामने, गलियों, सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर कई दिनों तक खड़े या छोड़े गए वाहन यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में, महानगरपालिका को 13 जनवरी 2025 को सरकारी निर्णय के अनुसार 100 दिवसीय कार्ययोजना को लागू करने के आदेश प्राप्त हुए हैं और इसका कार्यान्वयन अब प्रभावी हो रहा है। माना जा रहा है कि मनपा के इस अभियान से शहर की सड़कों की खूबसूरती बढ़ेगी, यातायात सुविधाएं बेहतर होंगी और नागरिकों का दैनिक जीवन आसान होगा।

### नागरिकों से अपील

इस अभियान के तहत नागरिक टोल-फ्री नंबर 18002331103, ईमेल या संबंधित वार्ड समिति के अधिकारी अलका पवार, मनीष हिवारे, सलोनी निवकर, गणेश शिम्पी के मोबाइल फोन पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि संबंधित वाहन को तीन दिन के भीतर हटा दिया जाएगा।

# गुढ़ी पाड़वा के लिए सजे बाजार

**कल्याण.** मराठी नववर्ष गुढ़ी पाड़वा से शुरू होता है। यह गुढ़ी पाड़वा बस एक दिन दूर है। राज्य भर में नागरिक इस त्यौहार को उत्साह के साथ मनाते हैं। तदनुसार, नागरिक तैयारी कर रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए गुढ़ी पाड़वा के लिए आवश्यक सामग्रियों से बाजार सज गए हैं। गुढ़ी पाड़वा मनाने की परंपराओं में स्वागत यात्रा, पंचांग पूजन और घर-घर गुढ़ी का अनावरण करना शामिल है। इस समय बाजार में मराठा वेशभूषा, पंचांग, साखर गांठें, रेशमी कपड़े, तांबे-पीतल-कांस्य के गढ्ढू, रंगोली, ध्वज और गुड़ी लगाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली लकड़ियां



आदि वस्तुएं सजी हुई हैं।

मराठी वर्ष की शुरुआत गुढ़ी पाड़वा से होती है, जो साढ़े तीन मुहूर्तों में से एक है। लोग हर घर के सामने ऊंची गुढ़ी स्थापित करके इस त्यौहार को मनाते हैं। हालाँकि, चूंकि शहरी क्षेत्रों में कई लोग बड़ी इमारतों और टावरों में रहते हैं, इसलिए वे अपने घरों के सामने गुढ़ी नहीं बनवा पाते हैं। ऐसे ग्राहकों के लिए विकल्प आ गए। साथ ही, चूंकि इस शुभ दिन पर कई लोग नई वस्तुएं खरीद रहे हैं, इसलिए दुकानों और मॉल्स में ग्राहकों को कई तरह के ऑफर भी दिए जा रहे हैं। नागरिक इसका लाभ उठाने के लिए उमड़ रहे हैं।

बाजार में छोटी-छोटी और आकर्षक गुढ़ी बिक्री के लिए आ गई हैं। चूंकि ये गुढ़ियां पहले से ही तैयार हैं, इसलिए नागरिक इन्हें अपने घरों के बाहर या खिड़कियों पर लगाकर इनकी पूजा कर सकेंगे। इसलिए उन्हें जगह की कोई समस्या नहीं होगी। इन गुढ़ियों की कीमत 150 रुपये से लेकर 300 रुपये तक है।

## 15 लाख की ठगी

ठाणे में एक 37 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर कुछ लोगों द्वारा घर से काम करने के अवसर का लालच देकर 15.14 लाख रुपये गंवा दिए. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है.

# पेड़ों की खतरनाक शाखाओं के छंटाई का काम शुरू



**ठाणे.** हर साल मनपा मई और जून के महीनों में मानसून से पहले पेड़ों की खतरनाक शाखाओं की छंटाई करती है। मनपा के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी ने बताया कि संभावित खतरों से बचने के लिए खतरनाक शाखाओं को छटाई का अभियान इस वर्ष निर्धारित समय से दो महीने पहले यानी मार्च महीने से ही शुरू कर दिया गया है। मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार शहर की प्रमुख सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, अस्पतालों, पार्कों, चौराहों, बस स्टॉपों और आवासीय क्षेत्रों से खतरनाक शाखाओं को काटा जा रहा है। अतिरिक्त आयुक्त मालवी ने बताया कि इस विषय को लेकर प्रभाग समिति स्तर पर सर्वेक्षण किया गया है और लगभग 6367 पेड़ों की खतरनाक शाखाओं को हटाया जा रहा है। मनपा मुख्यालय में इस मुहिम की जानकारी देने के लिए नरेंद्र बल्लाल सभागार में पत्रकार परिषद का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त (उद्यान) मधुकर बोडके, वृक्ष अधिकारी राजेश सोनावणे, वरिष्ठ उद्यान अधीक्षक केदार पाटिल उपस्थित थे।

नौपाड़ा-कोपरी (954), उथलसर (798), लोकमान्य नगर-सावरकर नगर (787), वागले (737), मजीवाड़ा-मानपाड़ा (1091), वर्तकनगर (1301), कलवा (423), मुंब्रा और दिवा (276) में पेड़ों का सर्वेक्षण किया गया है। इसके अलावा अब तक करीब 150 सूखे पेड़ों को चिन्हित किया जा चुका है और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें भी काटा जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इससे उत्पन्न हरित कचरे को एकत्र कर वैज्ञानिक तरीके से जैविक खाद बनाने के लिए ठाणे मनपा के कोपरी स्थित हरित कचरा प्रबंधन केंद्र में भेजा जा रहा है।मनपा ने नागरिकों को क्षेत्र में खतरनाक पेड़ों के बारे में तुरंत वृक्ष प्राधिकरण विभाग को सूचित करना चाहिए।यह अभियान केवल पेड़ों की छंटाई तक ही सीमित नहीं है, बल्कि शहर में हरित क्षेत्रों को बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।अतिरिक्त आयुक्त मालवी ने कहा है कि नागरिक इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शहर के पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

### शिकायत के लिए संपर्क नंबर

खतरनाक पेड़ों के संबंध में नागरिक आपदा प्रबंधन के इस नबंर पर 1800-222-108 और 8657887101 पर संपर्क कर सकते हैं।




JEWEL BUILDERS
A SIGNATURE OF TRUST
THIS CHETI CHAND,
STEP INTO A FUTURE OF PROSPERITY
WITH YOUR DREAM HOME!
JEWEL
vistaz
ENTER A VISTA LIFESTYLE
Happy Chetichand
Shri Jairaj Kalyani
(Chairman)
IMAGE USED AS ARTISTIC REPRESENTATION
10000
SQ. FT. CLUBHOUSE
EXCLUSIVELY FOR JUST 200 FAMILIES
STARTING FROM
1&2 BHK 33.99LACS*
779 666 5555
ADIVALI - DHOKALI, OFF. MALANG ROAD KALYAN EAST,
IN MAHA RERA REGISTRATION NO : P51700052410 | AVAILABLE AT
HTTPS:/MAHARERA.MAHAONLINE.GOV.

# पानी सिर के ऊपर चला गया, अब प्रसाद देने का समय आ गया

- **कुणाल कामरा पर भड़के महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई**

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने गुरुवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि अब उन्हें शिवसेना का प्रसाद मिलना चाहिए। हाल ही में कामरा ने एक कॉमेडी वीडियो डाला, जिसके बाद बवाल मच गया। इस वीडियो में कामरा ने बिना नाम लिए हुए एकनाथ शिंदे को गद्दार बताया, जिससे शिवसैनिक भड़क गए। देसाई ने कॉमेडियन पर जानबूझकर शिंदे, सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसी प्रमुख हस्तियों का अपमान करने का आरोप लगाया।

मंत्री शंभूराज देसाई ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, ₹अब इसका (कुणाल कामरा) बहुत हो गया, पानी सिर के ऊपर चला गया है। उसने रील बनाई, उसी दिन शिवसैनिकों ने स्टूडियों में जाकर प्रसाद दिया। बार-बार कुणाल कामरा ऐसी हरकतें कर रहा है। एकनाथ शिंदे, सीतारमण, पीएम मोदी के बारे में गलत शब्द इस्तेमाल किए। उसने सुप्रीम कोर्ट पर भी गलत टिप्पणी की है। अब इसको



शिवसैनिक का प्रसाद देने का समय आ गया है। हम लोग मंत्री हैं, लेकिन पहले शिवसैनिक हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि अगर हम शिवसैनिक रास्ते पर आए तो वह जिस भी बिल में बैठा है, उसको पकड़कर प्रसाद देने की ताकत है।



लेकिन हमको डिप्टी सीएम ने कहा है कि कानून के तहत कार्रवाई होगी। अगर हिम्मत है तो सामने वह आए। हमारे शिवसैनिक वहां जाकर उसे जवाब देंगे। देसाई ने कहा कि हम लोग आज ही सीएम से बात करेंगे और वह जहां भी छिपा है, वहां से उसे निकालेंगे। हमारे पुलिस के पास टायर का प्रसाद रहता है, उसी प्रसाद को उसे देने के लिए कहेंगे।

### उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार पर उठाए सवाल

वहीं, शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने गद्दार का अपमान करने के लिए कॉमेडियन कुणाल कामरा को तलब किया लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने के मामले में अभिनेता राहुल सोलापूरकर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। राज्य विधानसभा के बजट सत्र के समाप्त होने के एक दिन बाद उन्होंने संवाददाताओं के साथ बातचीत में मुस्लिम परिवारों के लिए 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना भी की। ठाकरे ने पत्रकारों से कहा, ₹जब 'गद्दार' (एकनाथ शिंदे का स्पष्ट संदर्भ) के खिलाफ टिप्पणी की गई तो जिस स्टूडियो में कार्यक्रम रिकॉर्ड किया गया था उस पर हमला किया गया और कामरा को दो समन भेजे गए (शिंदे को कथित रूप से बदनाम करने के लिए), लेकिन क्या राहुल सोलापूरकर को एक भी समन जारी किया गया है, जिन्होंने कथित रूप से शिवाजी महाराज का अपमान किया

# बैन होगा यूट्यूब? दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई.** शिवसेना नेता कनाल ने स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मुंबई पुलिस से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है. उन्होंने कथित रूप से अपमानजनक सामग्री पर चिंता जताई है. गुरुवार को कनाल ने खार पुलिस स्टेशन में अपनी शिकायत की हार्ड और सॉफ्ट कॉपी जमा की और अधिकारियों से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया. अपनी शिकायत दर्ज करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कनाल ने कामरा पर निजी लाभ के लिए अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से जानबूझकर सरकार की छवि खराब करने का आरोप लगाया. उन्होंने आरोप लगाया कि कामरा की व्यंग्यात्मक सामग्री ने प्रमुख राजनीतिक हस्तियों को गलत तरीके से पेश किया और प्रशासन की नकारात्मक छवि बनाई. कनाल ने कहा, ₹मुंबई पुलिस अब यूट्यूब चैनल को नोटिस भेज रही है और हमारे वकील भी उनके चैनल को बंद करने का अनुरोध करने के लिए एक पत्र भेजेंगे.

कनाल के अनुसार, कामरा लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित उच्च पदस्थ राजनीतिक नेताओं के बारे में टिप्पणी कर रहे हैं. कनाल ने कामरा द्वारा मशहूर गाने 'हम होंगे कामयाब' की पैरोडी पर खास आपत्ति जताई, जिसे कॉमेडियन ने 'हम होंगे कंगाल' में बदल दिया. कनाल ने इस कृत्य को आपत्तिजनक और अनुचित करार देते हुए तर्क दिया कि इसने राष्ट्र की आकांक्षाओं और लचीलेपन का मजाक उड़ाया है.

# कुणाल कामरा को 7 अप्रैल तक अग्रिम जमानत

- **मद्रास हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी**
- **कहा था- मुंबई लौटूंगा तो गिरफ्तार हो जाऊंगा**

**मुंबई.** स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मद्रास हाईकोर्ट से 7 अप्रैल तक अग्रिम जमानत मिल गई है। कुणाल ने याचिका में कहा था कि वह तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के रहने वाले हैं। अगर मुंबई वापस आएंगे तो मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। शिवसेना के कार्यकर्ताओं से उनकी जान को खतरा है। इससे पहले, पुलिस ने कामरा को दो समन जारी किए हैं। उन्हें 31 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। वहीं, महाराष्ट्र विधान परिषद ने भी गुरुवार को उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पारित किया।

दरअसल, कुणाल कामरा ने एक शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया। इसके खिलाफ पुलिस ने FIR दर्ज की है। कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है।

### टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा

गुरुवार को वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैरोडी बनाने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा। कुणाल ने X पर यह जानकारी दी। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसते हुए ₹कहते हैं मुझको हवा हवाई...₹ गाने पर पैरोडी सॉन्ग गाया था।





चेटीचंड महाबाईक रैली 2025
चेटीचंड जूं लख लख वादायूं !
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री भारत राजवानी (गंगोत्री)
जिला अध्यक्ष राकांपा, उल्हासनगर
पूर्व सभागृह नेता,
उल्हासनगर महानगरपालिका
हा मां सिन्धी आहियां
श्रीमती सोनिया धामी
प्रदेश महासचिव




चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को हार्दिक बधाई
نوجیون کو آپریٹو بینک لمیٹیڈ
Nav Jeevan CO-OP. BANK LTD.
Head Office: Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.
Phone (STD) : 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
www.navjeevanbank.com Email : navjeeevanbank@gmail.com
SERVICES AVAILABLE
THE NAVJEEVAN CO.OP BANK LTD.
ESTD : 1985
Features and Services of Bank
Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
24x7 NEFT/RTGS Services.
Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
Insurance Service through corporate Partners
Upcoming Service
Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

# मस्जिद या ईदगाह पर नमाज पढ़ने के लिए गाइडलाइन जारी हो - संजय निरुपम



**मुंबई.** एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने मांग की कि यूपी की तर्ज पर मुसलमानों को ईद की नमाज सड़क पर पढ़ने से रोकने के लिए आदेश जारी किया जाए. संजय निरुपम ने कहा कि मस्जिद या ईदगाह पर नमाज पढ़ने के लिए गाइडलाइन जारी हो जिस तरह यूपी में प्रशासन ने निर्णय लिया है वैसा निर्णय महाराष्ट्र सरकार भी ले.

संजय निरुपम ने यह मांग प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की. इस दौरान उन्होंने दिशा सालियान की मौत के मामले में पर भी बात की. संजय निरुपम ने कहा कि दिशा सालियान के पिता सतीश सालियना कोर्ट गए और इस बीच मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फनसलकर से मुलाकात कर शिकायत की. इस शिकायत में शिवसेना UBT नेता आदित्य ठाकरे पर बेहद गंभीर आरोप लगाए गए है. उनके दो-तीन सवाल वाजिब हैं. उनका आरोप है कि उनकी बेटी से रेप हुआ. एक-दो दिन में जांच होकर मलाड के मालवानी पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज होगी.

## पोस्टमॉर्टम में हुई देरी - निरुपम

संजय निरुपम ने कहा कि दिशा के घर हुई पार्टी में एक्टर डिनो मोरिया, सूरज पंचोली, आदित्य ठाकरे मौजूद थे, उस समय पुलिस ने उचित तरीके से जांच नहीं की. SIT की जांच अभी भी चल रही है. दिशा के पिता सतीश ने आरोप लगाया कि बेटी के साथ गैंगरेप हुआ है, लेकिन तीन दिन तक बॉडी का पोस्टमार्टम नहीं हुआ. 11 जून को पोस्टमार्टम हुआ. उस वक्त आदित्य ठाकरे के पिता CM थे और सरकार ने मामला दबाया.

## आदित्य ने कोर्ट को गुमराह किया- निरुपम

निरुपम ने आगे कहा कि सतीश सालियांन का कहना है कि बिल्डिंग से 25 फीट दूरी पर शव गिरा और लड़की निवस्त्र थी. सुशांत सिंह की मौत को इससे जोड़ा गया लेकिन CBI ने कहा कि सुशांत की मौत का आत्महत्या थी. दिशा सालियान का केस की कभी सीबीआई ने जांच नहीं की ऐसे में आदित्य ठाकरे ने कोर्ट को गुमराह किया कि CBI ने उन्हें क्लीन चीट दे दी है.

## जल्द गिरफ्तार होंगे आदित्य ठाकरे- संजय निरुपम

उन्होंने आगे कहा कि NCB ने समीर खान नाम के एक ड्रग पेडलर को पकड़ा था. उसने बताया थी कि वह ड्रग सप्लाई करता था और आदित्य ठाकरे ड्रगिस्ट है, जो एक तरह का वीड लेता है. ये पूरा घटनाक्रम दिशा सालियान से जुड़ा है. FIR दर्ज होने के बाद आदित्य ठाकरे की गिरफ्तारी भी होगी. उनका नाम जल्द हत्याबिंद ठाकरे होगा. कुणाल कामरा का वीडियो लाकर दिशा सालियांन से मुद्दा भटकाने की कोशिश की गई.







चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
SUMIT CHAKARBORTY
TEAM OMIE KALANI
Ulhasnagar trade ASSOCIATION
UTA PRESIDENT
आकाश सुमित चक्रवर्ती
युवा नेता


चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा
की सभी शहरवासियों
को
हार्दिक
शुभकामनाएं
हा मां सिन्धी आहियां
दिनेश लहरानी
अध्यक्ष - यूटीए - 5
JVA JEANS VYAPARI ASSOCIATION


चेटीचंड व
गुढ़ीपाड़वा की
सभी शहरवासियों
को हार्दिक बधाई
हा मां सिन्धी आहियां
डॉ. प्रकाश नाथानी
MBBS
पूर्व नगरसेवक, उल्हासनगर मनपा
अध्यक्ष- आईएमए, उल्हासनगर
डॉ. नीना नाथानी
MD
पूर्व नगरसेविका, उल्हासनगर मनपा
पूर्व अध्यक्ष- डीपीटी-उल्हासनगर

# लड़की ने चाकू से वार कर पिता का प्राइवेट पार्ट काटा

**नालासोपारा.** पिता और बेटी के पाक रिश्ते को नापाक करने वाले रमेश भारती के साथ उसकी सौतेली बेटी ने ऐसा काम कर दिया कि वो जिंदगी भर याद ही रखेगा। नालासोपारा शहर में एक चौबीस साल की लड़की ने अपने पिता पर चाकू से वार कर उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल रमेश भारती नाम का आदमी 24 साल की लड़की का सौतेला पिता था। वो पिछले 2 सालों से उसका यौन उत्पीड़न कर रहा था। इससे लड़की बहुत परेशान थी, लेकिन कुछ कर नहीं पा रही थी। जब पिता ने हद पार कर दी तो बेटी ने गुस्से में आकर उसका प्राइवेट पार्ट ही काट दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लड़की बहुत गुस्से में दिखाई दे रही है। पास में ही उसका घायल पिता भी पड़ा है जिसकी हालत बहुत ही खराब दिखाई दे रही है। वहां पर काफी भीड़ भी इकट्ठा हो गई थी जो लड़की को समझाने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि वो कुछ सुनने को तैयार ही नहीं थी और लोगों को अपनी आपबीती सुना रही थी जिसे सुन हर कोई हैरान हो गया।

लड़की की शिकायत पर पुलिस ने FIR दर्ज कर ली है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया है। लोगों के भी इस वीडियो पर रिएक्शन आने शुरू हो गए हैं। एक ने लिखा- ऐसे पिता को तो जान से मार देना चाहिए। दूसरे ने लिखा- ये खबर सुनकर गुस्सा और दुख दोनों ही आते हैं! दो साल तक उस दरिंदे ने अपनी ही सौतेली बेटी को शिकार बनाया, और जब लड़की ने हिम्मत दिखाई तो वही क़ानून उसे गिरफ्तार कर रहा है? ये कैसा न्याय है!

तीसरे ने लिखा- पुलिस के अनुसार, रमेश 2 साल से इस लड़की का यौन उत्पीड़न कर रहा था। घायल रमेश को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि लड़की को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना हमें यौन उत्पीड़न के गंभीर मुद्दे की ओर ध्यान दिलाती है और पीड़ितों को न्याय दिलाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। इसी तरह के कई और कमेंट भी सामने आए हैं।

# 17 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार; 8 ट्रांसजेंडर्स

**मुंबई.** मुंबई में अवैध रूप से रह रहे 17 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर शिवाजीनगर थाना पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने उन्हें पकड़ा है। कोई भी नागरिक भारतीय होने का सबूत नहीं दे सका। फिलहाल पुलिस सभी से पूछताछ करने में जुटी है। मुंबई में पहली बार 8 बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर्स को गिरफ्तार किया गया है. ये लोग पहचान और लिंग बदलकर मुंबई में रह रहे थे. पुलिस शहर में बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढ रही थी, लेकिन पुलिस से बचने के लिए यह किन्नर बनकर रहते थे. ये सभी बांग्लादेशी नागरिक मुंबई में 5 सालों से रह रहे थे.



भारत में अवैध रूप से रह रहे ये आरोपी कलाकार (नृत्य कलाकार) के रूप में काम करते थे और वैध दस्तावेजों के बिना यहां रह रहे थे, इन आरोपियों ने अपने नाम, पहचान और कुछ मामलों में अपना लिंग भी बदल लिया था, जिससे वे अन्य नागरिकों से अलग दिखते थे.

मुंबई की शिवाजी नगर पुलिस ने रफीक नगर इलाके में जाल बिछाकर कर इन आठ ट्रांसजेंडर बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार किया. दरअसल, पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की. पुलिस ने जांच में पाया कि ये सभी बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया.

## इन मामलों में थे आरोपी

फर्जी कागजातों से बनाए पहचान पत्र मुंबई की शिवाजी नगर पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी वेश्यावृत्ति, धोखाधड़ी और ग्राहकों को ठगने और लूटने के मामलों में भी शामिल थे. मुंबई में यह पहली बार हुआ है जब ट्रांसजेंडर के रूप में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने जांच में पाया कि ये सभी पुरुष हैं और अपनी पहचान छुपाने के लिए ट्रांसजेंडर बन कर रहते थे. इसके अलावा मुंबई की शिवाजी नगर और आरसीएफ थाने की ज्वॉइंट टीम ने मुंबई के गोवंडी और चेंबूर इलाकों में बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया. इस अभियान के तहत अवैध रूप से रह रहे 17 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया.

# क्लीन-अप मार्शल योजना को अप्रैल तक बंद करने का निर्णय

**मुंबई.** मुंबई मनपा ने क्लीन-अप मार्शल योजना को अप्रैल 2025 तक बंद करने का निर्णय लिया है। ठोस कचरा प्रबंधन विभाग ने यह प्रस्ताव मनपा आयुक्त को सौंपा, जिसे मंजूरी मिल गई है। यह योजना शुरू से ही विवादों में रही है और भ्रष्टाचार तथा दुरुपयोग के आरोपों के कारण इसे कई बार बंद और दोबारा लागू किया गया। रिपोर्ट की मानें तो मनपा को नागरिकों और वार्ड अधिकारियों से लगातार




शिकायतें मिल रही थीं कि मार्शल मनमाने ढंग से जुर्माना वसूल रहे हैं।

दिशा-निर्देशों के अनुसार, उन्हें सिर्फ लोगों को कचरा सही स्थान पर डालने के लिए निर्देशित करना था, लेकिन वे छोटी-छोटी बातों पर भी जुर्माना ठोक रहे थे। कई मामलों में बिना रसीद जुर्माना वसूली की शिकायतें भी दर्ज की गईं। पुलिस ने भी इनके दुर्व्यवहार की रिपोर्ट दी थी। मनपा ने मार्शलों की नियुक्ति के लिए निजी एजेंसियों को ठेका दिया था, लेकिन ये एजेंसियां पर्याप्त संख्या में मार्शल तैनात करने में विफल रहीं। इसके बावजूद मनपा ने पहले कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। अब जब योजना बंद करने का फैसला लिया गया, तो एजेंसियों पर 64 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

मनपा अब ठोस कचरा प्रबंधन के लिए नए उपविधियों पर काम कर रही है, जिनमें संशोधित जुर्माना संरचना शामिल होगी। अधिकारियों के अनुसार, इन्हीं नए नियमों के तहत भविष्य में जुर्माने की व्यवस्था की जाएगी और इस योजना को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।








हा मां सिन्धी आहियां
चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियोंको हार्दिक शुभकामनाएं
सुंदर (बाबू) मंगतानी
पूर्व नगरसेवक, उमनपा
अध्यक्ष - पूज्य धर्मवाड़ी पंचायत
ओटी सेक्शन, उल्हासनगर - 3.




चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
हा मां सिन्धी आहियां
कुमार मेंघवानी
समाजसेवक
विक्की मेंघवानी
बीजेपी नेता




सिन्धी
चेटीचंड महाबाईक रैली 2025
चेटीचंड जूं लख लख वादायूं !
चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को हार्दिक बधाई
हा मां सिन्धी आहियां
श्रीमती जया प्रकाश माखीजा
पूर्व सभापति स्थायी समिति, उमनपा
पूर्व भाजपा नगरसेविका पैनल 6
श्री प्रकाश माखीजा
कोषाध्यक्ष - उल्हासनगर भाजपा
पूर्व नगरसेवक व स्थायी समिति अध्यक्ष उमनपा

# म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप, 20 की मौत







- **बैंकॉक में इमारत गिरने से 80 लोग लापता, 3 की जान गई**
- **भारत समेत 5 देशों में झटके**

म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में 23 लोगों की जान गई है।

म्यांमार में 20 लोगों की मौत हुई, जबकि यहां 300 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है।

इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है।

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34% यानी सबसे ज्यादा है।

## जाने अब तक क्या हुआ?

**कहां आया :** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (GFZ) के अनुसार, मध्य म्यांमार में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सागाइंग शहर से 16 किमी (10 मील) उत्तर-पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था।

**कहां तक असर हुआ :** म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।






# राजा को सत्ता सौंपने के लिए हिंसक प्रदर्शन

- **काठमांडू में आगजनी**



**काठमांडू.** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस घटना में एक युवक के घायल होने की भी खबर है।

इस आंदोलन में 40 से ज्यादा नेपाली संगठन शामिल हुए। प्रदर्शनकारी राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजशाही वापस चाहिए, जैसे नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगों पर एक्शन नहीं लिया गया तो और ज्यादा उग्र विरोध प्रदर्शन होगा।

नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने 19 फरवरी को प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर लोगों से समर्थन मांगा था। इसके बाद से ही देश में 'राजा लाओ, देश बचाओ' आंदोलन को लेकर तैयारियां चल रही थीं।

## किंग ज्ञानेंद्र पर परिवार के नरसंहार के आरोप

नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर 1 जून, 2001 को हुए नारायणहिति हत्याकांड में अपने परिवार के सदस्यों की हत्या का आरोप लगा है। इस घटना में राजा वीरेंद्र, रानी ऐश्वर्या सहित शाही परिवार के 9 लोगों की मौत हुई थी।

आधिकारिक तौर पर युवराज दीपेंद्र को इस हत्याकांड के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि ज्ञानेंद्र ने सत्ता हासिल करने के लिए यह षड्यंत्र रचा, क्योंकि उस रात वे महल में मौजूद नहीं थे और उनके परिवार को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस रहस्यमयी हत्याकांड के पीछे सच्चाई आज भी विवादास्पद बनी हुई है।





चेटीचंड महाबाईक रैली 2025
चेटीचंड जूं लख लख वादायूं !
हा मां सिन्धी आहियां
दादा मोहन (गाडो) रामरख्यानी
पूर्व सभापति स्थायी समिति उल्हासनगर महापालिका
श्री दिलीप मोहन (गाडो) रामरख्यानी
समाजसेवक
श्री अजु मोहन (गाडो) रामरख्यानी
बिल्डर व समाजसेवक


चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभेच्छा
जय सियाराम
महंत तेजनारायणदास बाबा
समाज सेवक
बुवापाडा हुनमान मंदिर, अंबरनाथ

# हिंदुस्तान की न्यायपालिका का आज सबसे काला दिन

## ▪ कैशकांड में जज के ट्रांसफर पर भड़के वकील





**नई दिल्ली.** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का ट्रांसफर इलाहाबाद किए जाने की अधिसूचना जारी होने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी ने कहा कि हिंदुस्तान की न्यायपालिका का आज सबसे काला दिन है। पिछले दिन जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिलने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश के खिलाफ हाई कोर्ट बार एसोसिएशन मंगलवार से आंदोलन कर रहा है।

अनिल तिवारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन उनके शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करने का निर्णय कर चुकी है। हमारी हड़ताल का स्वरूप बदल सकता है, लेकिन लड़ाई जारी रहेगी।'' उन्होंने कहा, ''सरकार ने किस मजबूरी में यह (स्थानांतरण की अधिसूचना) किया है, मुझे नहीं मालूम, लेकिन सरकार पर हमें अब भी भरोसा है कि वह हस्तक्षेप करेगी। हमने रात में आपात बैठक बुलाई है जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल होंगे और उसमें आगे की रणनीति पर निर्णय किया जाएगा।''

तिवारी ने कहा, ''हम आम लोगों की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह अन्याय है और इलाहाबाद उच्च न्यायालय को कचरा घर बना दिया गया है।'' इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मंगलवार से हड़ताल पर हैं और आज उनकी हड़ताल का चौथा दिन है। सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी कर दी। न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिलने को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच विधि मंत्रालय ने यह अधिसूचना जारी की है।

# थर-थर कांपेंगे दुश्मन; सेना को मिलेंगे 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली.** भारतीय सेना की ताकत को नई मजबूती मिलने वाली है। कैबिनेट सुरक्षा समिति (CCS) ने156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टरों (LCH) की खरीद को मंजूरी दे दी है। सेना और वायु सेना के लिए यह खरीदारी 62,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत में होगी। यह अब तक का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) का सबसे बड़ा ऑर्डर है। इन हेलीकॉप्टरों को कर्नाटक के बेंगलुरु और तुमकुर स्थित HAL के प्लांट्स में बनाया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इन 156 हेलीकॉप्टरों में भारतीय सेना को 90 और वायु सेना को 66 मिलेंगे। ये चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनाती के लिए बेहद अहम हैं। साथ ही, देश में रोजगार और एयरोस्पेस इकोसिस्टम के विस्तार की दिशा में मदद मिलेगी। HAL को पिछले साल जून में 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टरों के लिए टेंडर मिला था। इस संयुक्त खरीद के लिए भारतीय वायु सेना प्रमुख एजेंसी की भूमिका में है। आत्मनिर्भर भारत के तहत सरकार ने 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने में जुटी है। सरकार ने 83 लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) के अलावा 97 और एयरक्राफ्ट खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। इसे लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है। कैबिनेट सुरक्षा समिति ने बीते दिनों 307 एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (ATAGS) की खरीद को मंजूरी दी थी।






# केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा

## ▪ मोदी सरकार ने 2 फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों का इंतजार अब खत्म हो गया है। काफी समय से ये सुर्खियों थी सरकार केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ता को लेकर फैसला ले सकती है। केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता अब 55 फीसदी हो चुका है। इससे पहले सभी कर्मचारियों को 53 फीसदी तक महंगाई भत्ता मिलता था।

सरकार ने इससे पहले जुलाई 2024 के दौरान महंगाई भत्ते में इजाफा किया था। उस समय महंगाई भत्ते को 50 फीसदी से बढ़ाकर 53 फीसदी तक किया गया था। महंगाई भत्ते में हुए इजाफे से 1 करोड़ से अधिक क्रेंद्रीय कर्मचारियों को फायदा मिलने वाला है। केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से ये मांग रही है कि उन्हें मिलने वाले महंगाई भत्ते में 3 फीसदी का इजाफा किया जाए। हालांकि पहले से ही ये अनुमान लगाया जा रहा था कि महंगाई भत्ते में 2 फीसदी तक इजाफा किया जाएगा।

### रेलवे मंत्री ने किया ऐलान

केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 फीसदी का इजाफा किया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि ये उनकी सैलरी में 1 जनवरी से प्रभावित होना शुरू हो जाएगा।

### कितना बढ़ा है महंगाई भत्ता?

सरकारी आंकड़ों की मानें तो, आमतौर पर महंगाई भत्ते में 3 से 4 फीसदी तक इजाफा किया जाता है। इससे पहले भी सरकार ने 3 फीसदी तक डीए में बढ़ोतरी की थी। हालांकि इस बार महंगाई भत्ते में 3 फीसदी तक ही इजाफा किया गया है। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक कोविड-19 महामारी के समय सरकार ने सभी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में रोक लगा दी थी। सरकार ने जनवरी 2020 से जून 2021 तक 18 महीनों तक केंद्रीय कर्मचारियों को कोई भी महंगाई भत्ता नहीं दिया था।

# आसाराम बापू को बड़ी राहत

## गुजरात हाई कोर्ट ने 3 महीने बढ़ाई अंतरिम जमानत

गुजरात हाई कोर्ट ने रेप से जुड़े एक मामले में आसाराम बापू बड़ी राहत दी है। 31 मार्च को पूरी होने वाली उनकी अंतरिम जमानत 3 महीने के लिए बढ़ा दी गई है। ऐसे में वह अब 30 जून तक जमानत पर बाहर रह सकते हैं। कोर्ट ने यह फैसला मेडिकल ग्राउं पर लिया है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के रेप मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के स्वयंभू संत आसाराम बापू को एक मामले में मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी थी।

जस्टिस एम एम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने



मानवीय आधार पर उनकी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए यह राहत दी। पीठ ने आसाराम पर जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान सबूतों से छेड़छाड़ न करने के अलावा अपने अनुयायियों से नहीं मिलने जैसी शर्तें लगाई थीं।

आसाराम बापू ने हाई कोर्ट में छह महीने की अंतरिम जमानत की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। उनके वकील ने तर्क दिया था कि डॉक्टरों ने पंचकर्म थेरेपी की सलाह दी है जो 90 दिन की होती है।

जस्टिस इलेश जे वोरा और संदीप एन भट्ट की पीठ ने शुरू में जमानत याचिका पर अलग-अलग फैसला सुनाया था। एक तरफ जस्टिस इलेश जे वोरा तीन महीने की जमानत देने के पक्ष में नजर आए तो वहीं जस्टिस भट्ट ने असहमति जताई। इसके बाद, मामला तीसरे जज के पास भेजा गया जिसमें जस्टिस एएस सुपेहिया ने जमानत देने का समर्थन किया।

# साल का पहला सूर्य ग्रहण आज

साल का पहला सूर्यग्रहण 29 मार्च 2025, शनिवार को लगेगा। ज्योतिषीय दृष्टिकोण से इस ग्रहण का अत्यधिक महत्व है। सूर्यग्रहण के दिन शनि अमावस्या और शनि गोचर का भी संयोग बन रहा है। हालांकि यह सूर्यग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा, जिसके कारण इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। लेकिन यह ग्रहण जहां पर नजर आएगा, वहां सूतक काल संबंधी नियम मान्य होंगे। किन देशों में नजर आएगा साल का पहला सूर्यग्रहणः साल का पहला सूर्यग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। यह ग्रहण इंग्लैंड, उत्तरी अमेरिका के पूर्वी इलाकों, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, उत्तरी ब्राजील, यूक्रेन, इटली,पुर्तगाल, रोमानिया, स्पेन, मोरक्को व बारमूडा में नजर आएगा।

# वाराणसी में नवरात्र में नहीं खुलेंगी मीट-मछली की दुकानें

**वाराणसी.** नवरात्र में मीट-मछली की दुकानों को बंद रखने को लेकर कई दिनों से यूपी के अलग अलग जिलों में भाजपा नेताओं की तरफ से बयानबाजी और अधिकारियों से मांग हो रही थी। इस बीच वाराणसी की नगर निगम ने नवरात्र में मीट-मछली की दुकानों को बंद रखने का प्रस्ताव पास कर दिया है।

वाराणसी नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से इस फैसले पर मुहर लग गई है। आदेश के उल्लघंट पर सख्त एक्शन की चेतावनी भी दी गई है। इससे पहले नगर निगम ने ही काशी विश्वनाथ मंदिर के दो किलोमीटर की परिधि में मीट-मछली की दुकानों पर रोक लगा दी थी। इस परिधि में मौजूद दर्जनों दुकानों को सील कर दिया गया था।

अब नवरात्र में दुकानों को बंद करने के फैसले पर नगर निगम के महापौर अशोक तिवारी ने बताया कि नवरात्र में धर्मनगरी काशी के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मांस-मछलियों की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। तिवारी के अनुसार, यदि कोई दुकानदार इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव को नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मिति से पारित किया गया है। निगम मुख्यालय के सभागार में बैठक के दौरान महापौर ने अधिकारियों को इसे लागू कराने का निर्देश दिया है।

चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभेच्छा



हा मां सिन्धी आहियां

एड. प्रकाश कुकरेजा
राष्ट्रीय अध्यक्ष : प्रजा कृपा पार्टी
सोच बदलो, शहर बदलो
एडवोकेट हाई कोर्ट
Former Municipal Secretary
Dy. Commissioner (Octroi)
Dy. Commissioner (Octroi)
Law Officer
ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION
Office :-
PINNACLE KUKREJA'S
Shop No.2, Hari Om Apartment, Blk C-33/R-123, 124, Opp Chopda Court,
Ulhasnagar- 421003. Ph. 0251-2701718 M. 9422073950

# 24 लाख के 26 लैपटॉप बरामद



■ **2 शातिर अपराधी गिरफ्तार**

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक गोदाम में सेंध लगाकर चोरी किए गए 26 लैपटॉप चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस की अपराध शाखा ने 2 शातिर आरोपियों को कर्नाटक से गिरफ्तार किया है.आरोपियों के पास से 24 लाख 65 हजार रुपये मूल्य के लैपटॉप बरामद किए गए हैं.

पुलिस के अनुसार, नारपोली क्षेत्र के एक गोदाम में सेंध लगाकर 26 लैपटॉप की चोरी की गई थी. अपराध शाखा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवणे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार, सहायक उप-निरीक्षक सुधाकर चौधरी और पुलिस टीम के अन्य सदस्य प्रकाश पाटिल, प्रशांत राणे, सुदेश घाग, सचिन जाधव, अमोल इंगले, भावेश घरत और विजय कुंभार की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की. पुलिस ने कर्नाटक यादगिर जिले के कन्याकोल तांडा इलाके में छिपे हुए आरोपी दिलीप बसवराज चव्हाण (20) और अर्जुन मुन्नु राठौड़ (23), निवासी पूर्णा, भिवंडी को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने लिनोवा कंपनी के 26 लैपटॉप और चोरी में इस्तेमाल किया गया वाहन जब्त किया.

बरामद माल की कीमत 24 लाख 65 हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस के अनुसार,दोनों आरोपी कर्नाटक कन्याकोल तांडा के रहने वाले हैं और पहले भी गोदामों की रेकी कर दीवार तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे. उनके खिलाफ पहले भी भिवंडी ग्रामीण पुलिस स्टेशन में मामला दाखिल है,जिसकी पुलिस तहकीकात कर रही है.

# ठाणे में 14 दुकानों में चोरी के मामले में 2 चोर गिरफ्तार

■ **महंत और विष्णु दिन में सुरक्षा गार्ड, रात में चोर.**

■ **गिरफ्तार चोरों से 2.6 लाख का सामान बरामद**

**ठाणे.** ठाणे के नौपाड़ा इलाके में एक ही रात में 14 दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की घटना हाल ही में हुई थी. इस मामले में ठाणे क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की और 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है. इन चोरों के नाम महंत कामी (उम्र 23) और विष्णू कामी (उम्र 36) हैं, जो नेपाल के रहने वाले हैं. ये दोनों दिन में सुरक्षा गार्ड का काम करते थे और रात में चोरी करते थे. पूछताछ में ठाणे और मुंबई इलाके के 9 मामलों का खुलासा हुआ है और उनके पास से मोबाइल समेत करीब 2 लाख 60 हजार का सामान बरामद किया गया है.

### चौकीदार ही निकला चोर

ठाणे के नौपाड़ा में 12 मार्च की सुबह एक ही रात में लगातार 14 दुकानों में चोरी हुई थी. इस मामले में नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था. इसके बाद इन चोरियों की जांच ठाणे क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी. घटनास्थल पर मिले 90 से 100 सीसीटीवी फुटेज की पुलिस ने जांच की. तब पता चला कि चोरी के बाद चोर अलग-अलग रास्तों से भाग गए थे.

### चोरी करने वाले दोनों नेपाली

बता दें कि चोरी करने वाले दोनों नेपाली हैं. उनके नाम महंत कामी और विष्णु कामी हैं. महंत मीरा रोड पर और विष्णू उल्हासनगर इलाके में सुरक्षा गार्ड का काम करते थे. दोनों दिन में सुरक्षा गार्ड का काम करते थे और रात में चोरी करते थे. विष्णु के खिलाफ मीरा भाईंदर में पहले से एक केस दर्ज है.

# पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी बच्चे का सफल सिविल अस्पताल में हुआ सर्जरी



**ठाणे.** जिला सिविल अस्पताल में पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हुए बच्चे का सफल हुआ सर्जरी।बच्चे की दाहिनी कलाई और कोहनी की हड्डी टूट गई थी लेकिन सिविल अस्पताल में हाथ की सफल सर्जरी के बाद बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ गई है।ठाणे में रहने वाला अंकुर 13 (बदला हुआ नाम) चार दिन पहले आम के पेड़ पर चढ़ गया।वह पेड़ का अंदाजा नहीं लगा सका और नीचे गिर गया।शरीर का वजन बांह पर पड़ने से दाहिना हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया और कलाई व कोहनी की हड्डी टूट गयी।उनके परिवार की स्थिति ख़राब थी इलाज के लिए किसी बड़े अस्पताल में ले जाने में असमर्थ थे।सिविल सर्जन डॉ. कैलास पवार एवं अतिरिक्त जिला सर्जन डॉ. धीरज महंगड़े के मार्गदर्शन में सफल सर्जरी की गयी।हड्डी विशेषज्ञ डॉ. विलास सालवे ने बताया कि एक्स-रे में हाथ की चोट से हाथ की दोनों हड्डियां टूट गईं। ऐसे में अस्पताल के सामने जोखिम भरी सर्जरी करने की बड़ी चुनौती थी।लेकिन अस्पताल की मेडिकल टीम ने प्रयास किया और सर्जरी सफल रही। इस बीच अंकुर के परिवार ने सर्जरी के बाद अस्पताल का आभार व्यक्त किया। करीब दो घंटे तक अंकुर के हाथ का ऑपरेशन किया गया। निजी अस्पताल में इस सर्जरी में काफी खर्च आता लेकिन सिविल अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी हमेशा मरीजों के लिए देवदूत बनकर काम कर रहे हैं।अस्पताल सर्जरी के लिए आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है। इसलिए निजी अस्पतालों में होने वाली जोखिम भरी सर्जरी सिविल अस्पतालों में की जाती हैं।




।। भावपूर्ण श्रद्धांजलि ।।



गुरु गुलराज साहेब कुट्टया की राज माता

**स्व. श्रीमती कविता सीरवानी**

दीपक (टोनी साईं) सीरवानी जी की माता जी

हम उस महान आत्मा के प्रति श्रद्धावत हैं
जिनका कर्मयोगी जीवन सभी का प्रेरणास्त्रोत
व मार्गदर्शक रहा है. हम सब आपको
भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं.

ॐ शांति

# पानी बिल बकाया धारकों के नल कनेक्शन को खंडित करेगी मनपा

- 129 उपभोक्ताओं के पानी कनेक्शन काटे गए
- साल भर में 12790 कनेक्शन काटे गए
- इस साल में अब तक 136 करोड़ रुपये की बिल वसूली
- अगले साल कोई अभय योजना नहीं

**ठाणे.** पानी के बिल का भुगतान नहीं करने वाले ग्राहकों को ठाणे मनपा के जल आपूर्ति विभाग की जलापूर्ति में कटौती की जा रही है। बुधवार को दिनभर में 129 नल कनेक्शन को खंडित किया गया।पानी विभाग द्वारा साल भर के दौरान कुल 12790 कनेक्शन काटे गए हैं। दिनभर में दो करोड़ से अधिक बिल वसूले गए।पानी विभाग की ओर से बड़े पैमाने पर बकाया और चालू बिलों की वसूली का अभियान चलाया गया है।वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले अधिकतम बिल की वसूली हो जायेगी। बड़े आवासीय परिसरों, टावरों, वाणिज्यिक ग्राहकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साल भर में अब तक 13402 लोगों को नोटिस दिया जा चुका है।उपनगर अभियंता विनोद पवार ने बताया कि 2361 मोटर पंप जब्त कर लिए गए हैं और 676 पंप रूम सील कर दिए गए हैं। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने



हाल ही में आयोजित विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि मार्च माह के अंत तक उपलब्ध कुछ दिनों की अवधि का सदुपयोग करते हुए सभी विभाग अपने वसूली लक्ष्य को पूरा करें।पानी विभाग अब तक बकाया और चालू बिल के 225 करोड़ रुपए में से 136 करोड़ रुपए वसूल कर चुका है। यह कलेक्शन पिछले साल की समान अवधि से 13 करोड़ रुपये ज्यादा है।जिन उपभोक्ताओं ने मार्च के अंत तक बकाया सहित पानी बिल की राशि का भुगतान नहीं किया है, उनकी जलापूर्ति अप्रैल के पहले सप्ताह में बंद कर दी जायेगी। साथ ही प्रशासनिक जुर्माना,बकाया पर ब्याज पर लागू 100 प्रतिशत छूट की अभय योजना अगले साल लागू नहीं होगी।इस अभय योजना की अवधि 31 मार्च 2025 तक होगी।

# 16 हजार 903 घरकुल लाभार्थी घरकुलों का हुआ भूमिपूजन



**ठाणे.** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य में '100 दिवसीय कार्यक्रम व महा आवास अभियान वर्ष 2024-25 क्रियान्वित किया जा रहा है। इन गतिविधियों में लक्ष्य के अनुसार आश्रयों को मंजूरी देना अनुमोदित आश्रयों को पहली किस्त का वितरण सभी आश्रयों को भौतिक रूप से पूरा करना शामिल है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के निर्देशानुसार जिले में 16 हजार 903 घरकुल लाभार्थियों के घरकुल का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।27 मार्च को सुबह 10 बजे समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया।ठाणे जिले में केंद्र प्रायोजित और राज्य प्रायोजित घरकुल योजना के तहत कुल 16 हजार 903 घरकुल लाभार्थी घरकुल भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया।जिलाधिकारी अशोक शिनगारे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के हाथों से भिवंडी तहसिल के राहुर ग्राम पंचायत के कुंभारपाड़ा में घरकुल भूमि पूजन किया गया। इसके अलावा जिलाधिकारी शिनगारे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी घुगे ने शाहपुर और मुरबाड की ग्राम पंचायतों के घरकुल भूमि पूजन का दौरा किया।

# ट्रैफिक पुलिस द्वारा जब्त बाइकों के मालिक लापता



- साल भर से करीब 15 बाइक पड़ी हैं लावारिस

**ठाणे.** विभिन्न अपराधों में ट्रैफिक पुलिस के नौपाड़ा उप-विभाग द्वारा जब्त किए गए बाइकों के मालिक लापता हैं।ट्रैफिक पुलिस के कब्जे में खड़ी बाइक के मालिक अपने इन वाहनों को लेने नही आ रहे हैं।इसलिए आठ से दस दिनों में इन खड़ी वाहनों की नीलामी की जाएगी।

पिछले साल यानी 2024 के दौरान नौपाड़ा ट्रैफिक पुलिस शाखा नशे के खिलाफ ड्राइविंग अभियान में एमएच 04 एफई 2310, एमएच 02 बीएल 0020, एमएच 04 एफसी 0322, एमएच 14 एक्स 3056 और परित्यक्त एमएच 04 जेपी 7387, एमएच 05 एवाई 423, एमएच 04 जेएल। 8693, एमएच 03 एसी 2151, एमएच 04 सीएक्स 714, एमएच 04 सीएन 509, एमएच 05 जीक्यू 4835, एमएच 03 एवी 2011, एमएच 04 सीपी 5878, एमएच 05 एसी 8339 और एमएच 05 एएच 6322 जब्त किए गए हैं। इन वाहनों की कानूनी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हालाँकि उक्त वाहनों के मालिक अभी तक अपने दोपहिया वाहनों को अपने कब्जे में लेने नहीं आये हैं। इसलिए इन वाहनों के रखरखाव का अतिरिक्त काम ट्रैफिक पुलिस पर आ गया है।संपर्क करने पर नौपाड़ा ट्रैफिक सब-डिवीजन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गौरी मोरे ने कहा कि इन सभी दोपहिया वाहनों को तीन हात नाका पर फ्लाईओवर के नीचे पार्क किया गया है। इन दोपहिया वाहनों के मालिक अपने दस्तावेज जमा कर अपने वाहन ले जाएं। अन्यथा आठ दिन बाद इन वाहनों की नीलामी कर दी जाएगी। इन वाहनों को जब्त करने के लिए पुलिस कांस्टेबल अभिजीत भट्ट से +918369570326 पर संपर्क करने की अपील की।

इन खड़े वाहन के कारण पुलिस के लिए मलेरिया का डर बना हुआ है. यह गाड़ियां पिछले एक साल से इसी जगह पर खड़ी हैं। हालाँकि इन वाहनों के रखरखाव के साथ ही मलेरिया से बचने के लिए धुआं और फवारीकरण किया जाता है, लेकिन वाहनों के कारण बड़ी संख्या में मच्छर पैदा हो रहे हैं।इसके कारण पुलिस को मलेरिया होने का खतरा बढ़ गया है।

000

# टोरेंट पावर द्वारा भिवंडी में दावत-ए-इफ्तार

- सामुदायिक बंधन और एकता का जश्न का दिखा माहौल

**भिवंडी.** आपसी भाईचारा,आपसी सौहार्द बढ़ाने और सामुदायिक संबंध बनाने के उद्देश्य से टोरेंट पावर द्वारा एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन अंजूर फाटा स्थित बालाजी बैंक्वेट हॉल में शहर के गणमान्य हस्तियों,रोजेदारों की मौजूदगी किया गया. रोजा इफ्तार दावत में शहर की तमाम नामचीन हस्तियों सहित पुलिस स्टेशन के शीर्ष अधिकारी,मनपा अधिकारी, प्रसिद्ध राजनीतिक हस्तियां, मीडिया कर्मी भारी तादाद में उपस्थित थे.उक्त अवसर पर टोरेंट पावर



कंपनी उपाध्यक्ष स्नेहल देसाई, जीवन क्लर्क अभिजीत काले, सुधीर देशमुख व पीआरओ चेतन बदियानी आदि वरिष्ठ अधिकारियों सहित टोरेंट की टीम ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया.

- रमजान आपसी सौहार्द का प्रतीक

इफ्तार दावत के संबोधन में प्रसिद्ध मुस्लिम धर्मगुरु सैयद मुफ़्ती मो.उजैफा कासमी ने उपस्थित अतिथियों को रमजान और इफ्तार का महत्व समझाया.उन्होंने कहा कि,रमजान आपसी भाईचारा,सौहार्द का प्रतीक है.मौजूद अतिथियों ने टोरेंट पावर के सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य से शहर के नागरिकों के बीच सहयोग, शांति और सद्भाव में मदद मिलती है. टोरेंट पावर के पीआरओ चेतन बदियानी ने कहा कि,समाज में आपसी भाईचारा बेहद आवश्यक होता है. टोरेंट पावर कंपनी का एकमेव प्रयास सामाजिक आयोजन के माध्यम से सभी समुदायों में आपसी भाईचारा बढ़ाना सहित सभी धर्मों का सम्मान करना है.त्यौहार एवं धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे,आपसी प्रेमभाव की नींव हमेशा मजबूत रहती है.

# राजस्थान विकास मंच की ओर से राजस्थान महोत्सव का भव्य आयोजन



**ठाणे.** राजस्थान विकास मंच की ओर से शहर स्थित रेमंड ग्राउंड में रविवार को शाम के समय राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान महोत्सव आयोजित किया जाएगा।इस महोत्सव को लेकर गुरुवार को पत्रकार परिषद आयोजित किया गया।साथ ही महोत्सव की विस्तृत जानकारी राकेश मोदी ने बताया कि राजस्थान समाज के विविध मान्यवरों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही लोकगीत और शौर्य गीत प्रस्तुत किया जाएगा। राजस्थान विकास मंच के अध्यक्ष कपूर रामावत ने सभी को कार्यक्रम की रूपरेखा बताई, उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में वरखा पंडित, सिमरन, मेहुल जोसेफ और नीलू राजस्थान के प्रसिद्ध और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही गायक भावना पंडित, रवि जैन अपने गीत से सभी को भावविभोर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र और राजस्थान के विविध राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां उपस्थिति होंगे, साथ ही कार्यक्रम में आईएएस, आईपीएस अधिकारी और समाजसेवकों को राजस्थान गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# स्टेटस पर आपत्तिजनक फोटो, युवक गिरफ्तार

### हिललाइन पुलिस ने शिकायत के आधार पर की कार्रवाई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक 22 वर्षीय युवक ने अपने स्टेटस पर आपत्तिजनक फोटो पोस्ट कर दी जिस कारण पुलिस ने इस युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उल्हासनगर 5 के हिललाइन पुलिस ने यह कार्रवाई की है। चूंकि यह पोस्ट आपत्तिजनक है, इसलिए शिकायतकर्ता ने इस संबंध में हिल लाइन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आगे की जांच पुलिस कर रही है।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया.
आर.एन.आई. नं. 43638/85 Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099